KANNAUJ POLICE

दि0:- 04.11.2026 **थाना कोतवाली कन्नौज**

थाना कोतवाली कन्नौज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, अवैध असलहा तस्करी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, 10 अवैध तमंचे व एक पिस्टल बरामद।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुरेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कन्नौज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 01 अभियुक्त को 10 अवैध तमंचों एवं 01 अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया।

➢ **संक्षिप्त विवरण:**

आज दिनांक 04.11.2026 को थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अहमदपुर रौनी रोड तिराहे से 01 शातिर अभियुक्त सचिन पुत्र राकेश चन्द्र, निवासी आसफपुर पट्टी, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज, उम्र करीब 22 वर्ष को मोटरसाइकिल से 10 अदद अवैध तमंचे 315 बोर व एक अदद अवैध पिस्टल 32 बोर ले जाते हुए गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना कोतवाली कन्नौज पर मु0अ0सं0 695/2026 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **पूछताछ विवरण: –** पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह अवैध तमंचों एवं पिस्टल की तस्करी कर जनपद कन्नौज एवं आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करता आ रहा है तथा इससे प्राप्त धनराशि को मौज-मस्ती में खर्च करता है। आज भी वह अवैध असलहों को लेकर सुनसान रास्ते से कन्नौज जा रहा था।

➢ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण: –**

1. सचिन पुत्र राकेश चन्द्र निवासी आसफपुर पट्टी थाना तालग्राम जिला कन्नौज उम्र 22 वर्ष

➢ **बरामदगी का विवरण: –**

1. 10 अदद अवैध तमंचे 315 बोर
2. 01 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर
3. 01 प्लेटिना मोटरसाईकिल

➢ **आपराधिक इतिहास अभि0**

1. मु0अ0सं0 32/2025 धारा 115(2)/352/351(2) थाना तालग्राम कन्नौज

➢ गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली कन्नौज
2. उ0नि0 दीपक कुमार थाना कोतवाली कन्नौज
3. उ0नि0 देवेन्द्र प्रसाद थाना कोतवाली कन्नौज
4. निरीक्षक श्री त्रदीप सिंह एसओजी/सर्विलांश प्रभारी जनपद कन्नौज
5. एसओजी/स र्वलांस टीम, जनपद कन्नौज।